# मुंबई में रोड शो के जरिये योगी सरकार ने दिखाई यूपी की औद्योगिक ताकत

## ओडीओपी, पीएम विश्वकर्मा, निर्यात क्लस्टर और बी2बी नेटवर्क पर जोर



कार्यक्रम को संबोधित करते यूपी सरकार के मंत्री राकेश सचान।

मुंबई/लखनऊ। योगी सरकार ने यूपी को निवेश और निर्यात के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया।

शुक्रवार को मुंबई में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस-2025) का जोरदार रोड शो आयोजित किया गया। देश की आर्थिक राजधानी में आयोजित इस आयोजन के माध्यम से यूपी सरकार ने महाराष्ट्र के व्यापार जगत, सोर्सिंग एजेंसियों और संस्थागत खरीदारों को न केवल आकर्षित किया, बल्कि औद्योगिक साझेदारी के लिए दरवाजे खोले।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यूपीआईटीएस केवल एक व्यापार मेला नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की प्रतिभा और परंपरा का वैश्विक मंच है। ओडीओपी और पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाएं प्रदेश के एमएसएमई और कारीगरों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला रही हैं। 25 से 29 सितंबर 2025 तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला यह मेला फूड प्रोसेसिंग, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और ओडीओपी उत्पादों समेत कई क्षेत्रों को जोड़ने वाला बड़ा सोर्सिंग प्लेटफॉर्म होगा। ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि भारतीय कारीगरों के उत्पादों का वैश्विक निर्यात देश की सामाजिक-आर्थिक तरक्की के लिए अत्यंत आवश्यक है। यूपीआईटीएस इसी दिशा में मजबूत कदम है। ब्यूरो